# गन्ना पर 150 रुपये प्रति टन बोनस

प्रेट्र ▸ **बंगलुरू...** कर्नाटक सरकार ने गन्ना किसानों को 150 रुपये अतिरिक्त बोनस देने की घोषणा की है। इससे पहले राज्य सरकार ने गन्ना की स्टेट एडवाइजरी प्राइस 2500 रुपये प्रति टन घोषित की थी। यह बोनस इसके अतिरिक्त होगा। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। किसान सरकार द्वारा तय 2500 रुपये मूल्य का विरोध कर रहे थे। किसान गन्ने का न्यूनतम खरीद मूल्य 3500 रुपये प्रति टन करने की मांग कर रहे हैं। बोनस देने से सरकार पर 450 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

Business Bhaskar.
4-1-14.